NPS TRUST **राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली न्यास**

अधिकारी ग्रेड 'बी' (प्रबंधक) (मीडिया मार्केटिंग और अभिदाता शिक्षा, निवेश और अनुसंधान) एवं अधिकारी ग्रेड 'ए' (सहायक प्रबंधक) (मीडिया मार्केटिंग और अभिदाता शिक्षा, निवेश और अनुसंधान, राजभाषा, सूचना प्रौद्योगिकी, विधि) की भर्ती हेतु

ऑन-लाईन परीक्षा के चरण II (परीक्षा) के लिए सूचना पुस्तिका

यदि आपने ग्रेड 'B' में दो विधाओं के लिए आवेदन किया है, इस परिस्थिती में आपको एक ही सत्र में दोनों विधा के पेपर 2 में उपस्थित होना होगा । (हालांकि प्रवेश पत्र जारी करते समय केवल एक ही पंजीकरण क्रमांक (नवीनतम) का उल्लेख किया गया है तथा एक ही रोल नम्बर प्रशासनिक उद्देश्य के लिए उत्पन्न किया गया है।) दोनों पदों के नाम प्रवेशपत्र पर अंकित होंगे ।

अंग्रेजी और हिंदी संस्करण के बीच कोई भी विसंगति होने पर, अंग्रेजी संस्करण सही माना जाएगा ।

इस पुस्तिका में आप देने जा रहे हैं उस ऑनलाइन परीक्षा संबंधी विविध पहलुओं के ब्योरे और संबंधित विषयवस्तुओं के बारे में महत्वपूर्ण निर्देश हैं। आपकी इस पुस्तिका का ध्यान से अध्ययन करने की सलाह दी जाती है क्योंकि इससे आपकी परीक्षा की तैयारी करने में सहायता मिलेगी । इस ऑनलाइन परीक्षा में निम्नानुसार वर्णनात्मक और वस्तुनिष्ठ प्रकार की बहुविकल्प प्रश्नावलियां होंगी :

पेपर	विषयक्षेत्र / विषय	प्रश्नों की संख्या	अधिकतम अंक	माध्यम	अवधि
पेपर 1	**सभी विषयक्षेत्रों के लिए:** अंग्रेजी (वर्णनात्मक परीक्षा) की लेखन कौशल परीक्षा	3	100	**केवल** अंग्रेजी	60 मिनट
पेपर 2	**मीडिया मार्केटिंग और अभिदाता शिक्षा, निवेश और अनुसंधान, राजभाषा, सूचना प्रौद्योगिकी और विषयक्षेत्र :** विषयक्षेत्रों के संबंधित विशिष्ट विषय के बहुविकल्पीय प्रश्न	50	100	**द्विभाषीय अर्थात हिन्दी और अंग्रेजी***	40 मिनट

*** राजभाषा विषयक्षेत्र के पेपर 2 के प्रश्न हिंदी और/या अंग्रेजी में उपलब्ध होंगे, जैसा की हर एक प्रश्न के लिये लागू होगा।**

परीक्षा के लिए समय 100 मिनट है; तथापि लागिंग इन, प्रवेशपत्र संग्रहण, निर्देश पढ़ना आदि के सहित आपको परीक्षा स्थल में लगभग 160 मिनट उपस्थित रहना पड सकता है । एक पद के लिये दो विषयक्षेत्रों में आवेदन करने वाले उम्मीदवारों के लिये परीक्षा का समय 140 मिनट होगा। दोनों विषयक्षेत्रों के लिये पेपर 2 बिना किसी विराम के प्रशासित किए जाएंगे। सभी प्रश्नावलियां पेपर 2 के लिए अंग्रेजी व हिन्दी में उपलब्ध कराई जाएंगी । पेपर 1 के प्रश्न सिर्फ अंग्रेजी में उपलब्ध कराये जायेंगे । पेपर 2 के लिए सभी प्रश्नों में बहुविकल्प होंगे । प्रश्न के पांच उत्तर में से केवल एक सही उत्तर होगा । आपको सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर का चयन करना है और जिस विकल्प को आप उपयुक्त/सही समझते हैं उसे 'माउस क्लिक' करना है । आपने जिस विकल्प को क्लिक किया है वह उस प्रश्न का आपका उत्तर माना जाएगा । **अगर आप गलत उत्तर देंगे तो दंड स्वरूप आपके अंकों में कटौती की जायेगी । ऐसे किसी भी प्रश्न के निर्धारित अंकों में से, जिसका आपने गलत उत्तर दिया है, दंड के रूप में 1/4 (एक चौथाई) एक चौथाई अंक काट लिए जायेंगे ।**

पेपर 1 अंग्रेजी लेखन कौशल (वर्णनात्मक प्रश्नपत्र) : अंग्रेजी पर प्रश्नपत्र अभिव्यक्ति और विषय की समझ सहित लेखन कौशल का आकलन करने के लिये बनाया जाएगा । इस प्रश्नपत्र में निबंध लेखन, संक्षेपण और बोधगम्यता आदि पर आधारित प्रश्न हो सकते हैं। उम्मीदवारों को कंप्यूटर के की बोर्ड की मदद से जवाब टाइप करना होगा ।

पेपर 2 में वस्तुनिष्ठ प्रकार के प्रश्नपत्र होंगे और सभी प्रश्न बहुविकल्प होंगे । आबंटित समय 40 मिनट के अंदर आप किसी भी प्रश्न का उत्तर किसी भी समय दे सकते हैं ।

ऑनलाइन परीक्षा के स्कोर, निम्न प्रक्रिया को अपनाकर निकाले जाते हैं :

(i) गलत उत्तरों के लिए दंड लगाने के बाद, संशोधित अंकों की गणना हेतु प्रत्येक वस्तुनिष्ठ परीक्षा में अभ्यर्थी द्वारा दिए गए सही उत्तरों की संख्या पर विचार किया जाता है ।

(ii) समीकृत अंकों की गणना हेतु, विभिन्न सत्रों में हुई प्रत्येक वस्तुनिष्ठ परीक्षा में, कठिनाई में सूक्ष्म अंतर, यदि कोई है, का ध्यान रखने के लिए अभ्यर्थी द्वारा प्राप्त संशोधित अंकों को समतुल्य किया जाता है ।*

*अभ्यर्थी द्वारा किसी भी प्रश्नावली में प्राप्त समीकृत अंकों को सभी फॉर्मों के अंकों के वितरण पर विचार करते हुए बेस फॉर्म से समीकृत किया जाता है ।

(iii) वर्णनात्मक पत्र (DP) के अंक, वस्तुनिष्ठ परीक्षा में जोड़े जाएंगे ।

(iv) प्रत्येक प्रश्नावली एवं परीक्षा में अंतिम अंकों को दशमलव बिन्दू सहित दो अंकों तक रिपोर्ट किया जाता है ।

कृपया नोट करें कि इस पुस्तिका में दिए गए प्रश्न केवल उदाहरण हैं सर्वांगपूर्ण नहीं हैं । वास्तविक परीक्षा में प्रश्न अधिक कठिन या अलग प्रकार के भी हो सकते हैं, जिनका कि यहाँ वर्णन नही किया गया हो ।

नमूने के कुछ प्रश्न यहाँ दिए गए हैं ।

पेपर 1

अंग्रेजी (वर्णनात्मक परीक्षा) की लेखन कौशल परीक्षा निबंध, संक्षेपण और बोधगम्यता

प्र.1. Write an essay on any **ONE** of the following topics

- Three effective measures to eradicate illiteracy in India. Explain how the measures suggested by you will be effective.
- It is often said that computerization results in unemployment. Do you agree? Explain.

प्र.2. Write a précis of the following passage in about 150 words. Give a suitable title.

In this age, when the popular involvement in day-to-day matters in mounting, it is the electronic systems that offer us a potential service infrastructure which could, with careful programming, probably take care of a very large element of what we describe as mechanical, procedural governance without all the distortions, corruptions and harassments which constitute the daily misery of the average citizen. Of course, the electronic systems will only behave to the extent that they are properly programmed. But this is no impossible task today.

Once we move our minds beyond the mere use of the electronic revolution for business efficiency and higher profitabilities and apply it to the task of reducing the routine, repetitive activities of governance, we will conserve time and energy for more important and creative tasks. In other words, the electronic revolution can make for better and more effective handling of real everyday problems, additionally to providing the basic service of computerized information banks. Even in less developed conditions, the potential of the electronic network to take over a great deal of what is called bureaucratic “paper work” has been vividly demonstrated. Licensing system involving endless form filling in endless copies; tax matters which baffle millions of citizens, particularly those who have nothing to hide; election system which require massive supervisory mobilizations or referendums based on miniscule “samples” which seldom reflect the reality at the social base. At all these points, the electronic advantage is seen and recognized. However, we must proceed further.

It is possible to foresee a situation where the citizen, with his personalized computer entry card, his “number”, is able to enter the electronic network for a variety of needs now serviced by regiments of officials, high and low. Indeed, this is already happening in a number of countries. From simple needs, we will move to more complex servicing, and, ultimately, into creativity or what is called “artificial intelligence”.

प्र.3. English Comprehension based on a passage.

Read the following passage carefully and answer the questions that follows.

In this age, when the popular involvement in day-to-day matters in mounting, it is the electronic systems that offer us a potential service infrastructure which could, with careful programming, probably take care of a very large element of what we describe as mechanical, procedural governance without all the distortions, corruptions and harassments which constitute the daily misery of the average citizen. Of course, the electronic systems will only behave to the extent that they are properly programmed. But this is no impossible task today.

Once we move our minds beyond the mere use of the electronic revolution for business efficiency and higher profitabilities and apply it to the task of reducing the routine, repetitive activities of governance, we will conserve time and energy for more important and creative tasks. In other words, the electronic revolution can make for better and more effective handling of real everyday problems, additionally to providing the basic service of computerized information banks. Even in less developed conditions, the potential of the electronic network to take over a great deal of what is called bureaucratic “paper work” has been vividly demonstrated. Licensing system involving endless form filling in endless copies; tax matters which baffle millions of citizens, particularly those who have nothing to hide; election system which require massive supervisory mobilizations or referendums based on miniscule “samples” which seldom reflect the reality at the social base. At all these points, the electronic advantage is seen and recognized. However, we must proceed further.

It is possible to foresee a situation where the citizen, with his personalized computer entry card, his “number”, is able to enter the electronic network for a variety of needs now serviced by regiments of officials, high and low. Indeed, this is already happening in a number of countries. From simple needs, we will move to more complex servicing, and, ultimately, into creativity or what is called “artificial intelligence”.

Q. (i) What does the term “bureaucratic paper work” refer to?

Q. (ii) How has electronic revolution helped organisations in day-to-day activities?

Q. (iii) What is “artificial intelligence”?

पेपर 2

विषयक्षेत्रों से संबंधित विशिष्ट विषय के बहुविकल्पीय प्रश्न

इस प्रश्नपत्र में पुछे गए प्रश्न विविध पदों की विशेषज्ञता के क्षेत्र से संबंधित होंगे ।

प्रश्न पत्र I का विवरण वर्णनात्मक प्रकार

1. यह परीक्षा के स्वतः जमा होने पर वस्तुनिष्ठ परीक्षा स्वतः शुरू हो जाएगी ।
2. प्रश्न कंप्यूटर के मॉनिटर पर दर्शाए जाएंगे ।
3. एक बार में केवल एक प्रश्न दर्शाया जाएगा ।
4. प्रश्न अंग्रेजी में होंगे और उनके उत्तर कीबोर्ड का प्रयोग करते हुए उनके लिए दिए गए स्थान पर टाईप करने होंगे ।

कृपया ध्यान दें" : टाइप करते समय यदि आप 'स्पेस बार' **(Space bar)** दबाते हैं और फिर 'एंटर कुंजी') **Enter key** (दबाते हैं, तो 'कर्सर') **cursor)** अगली पंक्ति में नहीं जाएगा । हालाँकि यदि आप अंतिम शब्द के तुरंत बाद 'एंटर कुंजी') **Enter key** (दबाते हैं, तो 'कर्सर') **cursor)** अगली पंक्ति में चला जाएगा । आपको इस बात पर भी ध्यान देना होगा कि यदि स्पेस बार **(Space bar)** / एंटर कुंजी)**Enter key** (को एक से अधिक बार दबाया जाएगा तो सिस्टम)**system** (उसे एक की स्ट्रोक (**single keystroke**) मानेगा (यानी कि एक स्पेस **(Space)** और एक एंटर)**Enter** (अगली लाइन में)

वस्तुनिष्ठ प्रकार पेपर के दौरान ‘की बोर्ड की’ को क्लिक ना करें ।

(अ) ऑन-लाईन परीक्षा पैर्टन का विवरण : (वस्तुनिष्ठ)

(1) परीक्षा ऑनलाइन अर्थात कंप्यूटर पर होगी ।

(2) पेपर I के प्रश्नों के अतिरिक्त सभी प्रश्न अंग्रेजी व हिन्दी में होंगे । राजभाषा विषयक्षेत्र के पेपर 2 के प्रश्न हिंदी और/या अंग्रेजी में उपलब्ध होंगे, जैसा की हर एक प्रश्न के लिये लागू होगा ।

(3) सभी वस्तुनिष्ठ प्रश्नों में बहु विकल्प होंगे । प्रश्न के पांच उत्तर में से केवल एक सही उत्तर होगा । **उम्मीदवार के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर चुनकर उसे उस विकल्प को 'माउसक्लिक' करना है जो उसे उपयुक्त/सही लगता है । क्लिक किया गया विकल्प उस प्रश्न का उत्तर माना जाएगा। किसी भी प्रश्न का उत्तर, अंकन के लिये तभी मान्य होगा जब उम्मीदवार ने उसको "Save & Next" अथवा "Mark for Review & Next" के साथ सेव किया हो । कुछ वर्णनात्मक प्रश्न के आंतरिक विकल्प हो सकते हैं ।**

(4) सर्वर पर घड़ी सेट की गई है और आपके स्क्रीन पर ऊपरी दांए कोने में काउंट डाउन टाइमर आपके लिए परीक्षा (वस्तुनिष्ठ और वर्णनात्मक) पूरी करने के लिए शेष समय दर्शाएगा । घड़ी पूरी तरह चल जाने पर परीक्षा का समय स्वतः पूरा हो जाता है आपको अपनी परीक्षा समाप्त या सबमिट नहीं करनी है ।

(5) स्क्रीन के दाहिने कोने पर प्रश्न पैलेट, प्रत्येक प्रश्न के लिए निम्न में से कोई एक स्थिति प्रकट करता है :

आप अभी तक प्रश्न पर नहीं गए हैं।

आपने प्रश्न का उत्तर नहीं दिया है।

आप प्रश्न का उत्तर दे चुके हैं।

आपने प्रश्न का उत्तर नहीं दिया है पर प्रश्न को पुनर्विचार के लिए चिह्नित किया है।

प्रश्न जिसका उत्तर दिया गया है और समीक्षा के लिए भी चिह्नित है, उसका मूल्यांकन किया जायेगा।

पुनर्विचार के लिए चिह्नित (**Marked for Review**) स्थिति सामान्यतः अनुस्मारक के रूप में कार्य करती है जिसे आपने प्रश्न को दुबारा देखने के लिए सेट किया है । *यदि आपने किसी प्रश्न के लिए उत्तर चुना है जिसे पुनर्विचार के लिए चिह्नित किया है, तब मूल्यांकन में उस उत्तर पर विचार किया जाएगा ।*

(6) उत्तर देने के लिए प्रश्न चुनने के लिए आपको निम्नलिखित में से एक करना है :

a. उस नंबर के प्रश्न पर सीधे जाने के लिए आपके स्क्रीन के दांए प्रश्न पैलेट पर प्रश्न नंबर पर क्लिक कीजिए । नोट करें कि इस विकल्प के प्रयोग पर वर्तमान प्रश्न का आपका उत्तर **सेव नहीं होता** है ।

b. वर्तमान प्रश्न का उत्तर सेव करने के लिए और क्रम में अगले प्रश्न पर जाने के लिए **'Save & Next'** पर क्लिक कीजिए।

c. वर्तमान प्रश्न का उत्तर सेव करने, उसे रिव्यू हेतु मार्क करने और क्रम में अगले प्रश्न पर जाने के लिए **'Mark for Review & Next'** पर क्लिक कीजिए ।

(7) वस्तुनिष्ठ उत्तर चुनने के लिए, एक विकल्प बटन पर क्लिक कीजिए ।

(8) वस्तुनिष्ठ उत्तर बदलने के लिए दूसरा वांछित विकल्प बटन क्लिक कीजिए ।

(9) वस्तुनिष्ठ उत्तर सेव करने के लिए आपको **Save & Next** पर क्लिक करना चाहिए ।

(10) वस्तुनिष्ठ प्रश्न का चुना गया उत्तर डिसिलेक्ट करने के लिए, चुने गए विकल्प पर फिर से क्लिक कीजिए या **Clear Response बटन** पर क्लिक कीजिए।

(11) रिव्यू के लिए प्रश्न मार्क करने के लिए **Mark for Review & Next** पर क्लिक कीजिए । यदि मार्क्ड फोर रिव्यू प्रश्न के लिए उत्तर चुना जाता है तो अंतिम मूल्यांकन में उत्तर पर विचार किया जाएगा ।

(12) किसी वस्तुनिष्ठ प्रश्न का उत्तर बदलने के लिए, पहले प्रश्न सिलेक्ट कीजिए और फिर नये उत्तर पर क्लिक कीजिए और उसके बाद **Save & Next** बटन पर क्लिक कीजिए ।

(13) **जो प्रश्न उत्तर देने के बाद 'सेव' या 'रिव्यू के लिए मार्क' किए गए हैं, सिर्फ वही प्रश्न मूल्यांकन के लिए कन्सिडर किए जाएंगे।**

(14) स्क्रीन के टॉप बार पर पेपरों के नाम डिस्प्ले किये जायेंगे । जो पेपर आप देखेंगे वह हाइलाइट होगी ।

(15) किसी पेपर के अंतिम प्रश्न पर **Save & Next** बटन क्लिक करने के बाद आप आटोमैटिकली उस पेपर के पहले प्रश्न पर पहुंच जाएंगे। किसी विशिष्ट पेपर के लिये आबंटित अवधी समाप्त होने पर आप अगली पेपर के पहले प्रश्न पर पहुंच जायेंगे ।

(16) सेक्शन के प्रश्नों के स्टेटस को देखने के लिए सेक्शनों के नामों पर आप माउस कर्सर मूव कर सकते हैं ।

(17) आप किसी विशिष्ट पेपर के प्रश्नों के बीच उस पेपर के लिये आबंटित समय के दौरान ही शफल कर सकते हैं ।

(18) उम्मीदवारों से अनुरोध हैं कि "टेस्ट एडमिनिस्ट्रेटर" के निर्देशों का ध्यान से अनुसरण करें । यदि कोई उम्मीदवार निर्देशों/नियमों अनुसरण नहीं करता है तो इसे कदाचार/अनुचित तरीके अपनाने का मामला माना जाएगा और उम्मीदवार NPS Trust द्वारा निर्णीत अवधि के लिए परीक्षाओं में बैठने से डिबारमेंट के लिए पात्र होगा।

(19) उम्मीदवार केवल परीक्षा शुरू होने से पहले टेस्ट एडमिनिस्ट्रेटर को अपनी शंकाओं का समाधान कर सकता है । परीक्षा शुरु होने के बाद किसी भी क्वेरी (शंका) का उत्तर नहीं दिया जाएगा ।

(20) संबंधित सेक्शन के लिए समय की समाप्ति के बाद, उम्मीदवार ना ही किसी भी प्रश्न का उत्तर दे पाएंगे और ना ही अपने उत्तर जांच पाएंगे। उम्मीदवार ने 'सबमिट' बटन क्लिक नहीं किया होगा तब भी कंप्यूटर सिस्टम द्वारा उसके उत्तर स्वतः सेव कर लिए जाएंगे ।

(21) **कृपया नोट करें :-**

(a) **परीक्षा (वस्तुनिष्ठ) का पूर्ण समय समाप्त होने तक उम्मीदवारों को "फाइनली सबमिट" करने नहीं दिया जाएगा ।**

(b) **एक बार वस्तुनिष्ठ परीक्षा शुरू हो जाने पर किसी भी परिस्थिति में कोई उम्मीदवार की-बोर्ड की किसी भी बटन पर क्लिक नहीं करेगा क्यों कि इससे वस्तुनिष्ठ परीक्षा लॉक हो जाएगी यानि की पेपर 2 ।**

(ब) सामान्य निर्देश :

(1) कृपया प्रवेश पत्र में तारीख, रिपोर्टिंग समय और परीक्षा स्थल का पता नोट करें ।

(2) परीक्षा स्थल की पृष्टि करने के लिए ऑनलाइन परीक्षा से एक दिन पहले आप परीक्षा स्थल जाकर देख सकते हैं ताकि परीक्षा के दिन आप समय पर रिपोर्ट कर सकें ।

(3) आपका हाल ही का पासपोर्ट आकार का फोटोग्राफ चिपकाकर प्रवेश पत्र अपने साथ परीक्षा स्थल पर लाया जाना चाहिए। (अच्छा होगा कि वही फोटो चिपकायें, जिसे पंजीकरण के समय अपलोड किया गया हो ।)

(4) परीक्षा स्थल पर टेस्ट एडमिनिस्ट्रेटर और NPS Trust प्रतिनिधि के निर्देशों का आपको निष्ठापूर्वक पालन करना चाहिए। आप निर्देशों का उल्लंघन करेंगे तो आपको अयोग्य ठहराया जाएगा और परीक्षा स्थल छोड़कर जाने के लिए कहा जाएगा ।

(5) परीक्षा के दौरान कैल्क्युलेटर (अलग या घड़ी के साथ), किताबों, नोटबुकों या लिखे नोटस, सेल फोन (कैमेरा सहित या रहित), स्मार्ट वॉच या अन्य किसी इलेक्ट्रानिक साधन के प्रयोग की अनुमति नहीं दी जाएगी । **प्रवेश द्वार पर आरोग्यसेतु स्टेटस दिखाने के बाद अभ्यर्थियों को अपने मोबाइल फोन स्विच ऑफ कर तय स्थान पर जमा करने होंगे और परीक्षा स्थल से बाहर निकलते समय वापस इन्हें लेना होगा ।**

(6) आपके अपने फोटोग्राफ को बुलावे-पत्र पर चिपका कर उसे मूलरूप में वर्तमान में वैध फोटो युक्त पहचान का प्रमाण और उसकी एक फोटोकापी के साथ लाएं - यह अनिवार्य है । कृपया प्रवेश-पत्र तथा पहचान के प्रमाणपत्र की फोटो कापी समुचित रूप से स्टेपल करके परीक्षा के अंत में ड्राप बाक्स में डाल दें । वर्तमान में वैध फोटो पहचान प्रमाण हैं-पैनकार्ड/पासपोर्ट/ड्राइविंग लाइसेंस/फोटोग्राफ वाले_वोटर्स कार्ड/फोटोग्राफ युक्त बैंक पास बुक/आधिकारिक लेटर हेड पर गजटेड अधिकारी द्वारा जारी फोटो पहचान का प्रमाण/आधिकारीक लेटर हेड पर जन प्रतिनिधि द्वारा जारी फोटो पहचान का प्रमाण/मान्यता प्राप्त कालेज/यूनिवर्सिटी द्वारा जारी वैध वर्तमान पहचान पत्र/फोटोग्राफ युक्त आधार/ई-आधार कार्ड/कर्मचारी का मूल पहचान पत्र/फोटोग्राफ युक्त बार कौंसिल पहचान पत्र। **कृपया नोट करें - राशन कार्ड को वैध पहचान-प्रमाण के रूप में स्वीकार नहीं किया जाएगा ।** कृपया ध्यान दें कि प्रवेश पत्र पर लिखा गया आपका नाम (जैसा आपने पंजीकरण की प्रक्रिया में दिया है) फोटो पहचान प्रूफ पर दिखते नाम के बिल्कुल अनुरूप होना चाहिए । महिला उम्मीदवार जिन्हों ने शादी के पश्चात अपने पहला/अंतिम/बीच के नाम में परिवर्तन किया हो वे इस पक्ष का विशेष ध्यान दें । प्रवेश पत्र पर दिए गए नाम और फोटो पहचान प्रूफ में यदि जरा भी बेमेल हुआ तो आपको परीक्षा में शामिल होने नहीं दिया जाएगा । **उन उम्मीदवारों के मामले में जिन्होंने अपना नाम बदल लिया है, यदि वे राजपत्रित अधिसूचना / अपना विवाह प्रमाण पत्र/शपथपत्र प्रस्तुत करते हैं तो ही उन्हें अनुमति दिया जाएगा ।**

(7) परीक्षा स्थल पर फोटोग्राफ तथा IRIS कैप्चर किए जाएंगे । कैप्चर किए गए फोटो का मिलान अभ्यर्थी द्वारा आवेदन में अपलोड फोटो से किया जाएगा । आपको अपनी शक्ल आपके द्वारा अपलोड फोटो से बिलकुल नहीं बदलनी चाहिए।
(कोविड -19 हालातों के कारण बायोमेट्रिक अंगूठा निशान के बदले IRIS स्कैन की प्रणाली शुरू की गई है ताकि बहुत से अंगूठा निशानों से संक्रमण न फैले) । IRIS डाटा सत्यापन की स्थिति (मिलान होता है या नहीं) के लिए इससे संबन्धित अधिकारी का निर्णय अंतिम

तथा अभ्यर्थी पर बाध्यकारी होगा। किसी भी अवसर पर IRIS स्कैनिंग /सत्यापन की प्रक्रिया में भाग लेने से मना करने पर उम्मीदवारी रद्द हो सकती है। इस संबंध में कृपया निम्नलिखित को नोट करें :

(a) सभी अभ्यर्थियों की 'बाईं आँख (IRIS)' कैप्चर की जाएगी।

(b) IRIS की कैप्चरिंग के समय अभ्यर्थी को कांटैक्ट लेंस तथा चश्मा हटाना होगा । अभ्यर्थियों को चाहिए कि वे कांटैक्ट लेंस पहनने से बचें तथा वरीयतः चश्मा पहनें ।

(c) IRIS स्कैनिंग स्पर्शरहित है। स्कैनर तथा आँख के बीच आधे फीट की दूरी रखी जाएगी।

(इन बिन्दुओं में से किसी का भी पालन न करने पर परीक्षा में शामिल होने से वंचित रखा जाएगा ।)

(8) सही व गलत उत्तरों के पैटर्न में समानता का पता लगाने के लिए आपके प्रत्युत्तरों का परीक्षा में सम्मिलित अन्य उम्मीद्वारों के साथ विश्लेषण किया जायेगा, यदि निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार यह अनुमान लगता/निष्कर्ष निकलता है कि प्रत्युत्तरों में सहभागिता की गई है और प्राप्त अंक वास्तविक/वैध नहीं है तो आपको अयोग्य ठहराया या उम्मीद्वारी रद्द की जा सकती है । नकल करते, सहायता लेते या देते या उम्मीदवार के लिए अनुचित ऐसा व्यवहार करते हुए उम्मीदवार के मूल्यांकन पर विचार नहीं किया जाएगा । आगे ऐसे उम्मीदवार के खिलाफ NPS Trust उसके द्वारा उपयुक्त समझी जाने वाली कार्रवाई कर सकता है ।

(9) आपको अपने साथ एक बाल-पाइंट पेन लाना चाहिए । परीक्षा के अंत में अपने उत्तर सबमिट करने से पहले जिन प्रश्नों को आप रिव्यू करना चाहते हैं उनके प्रश्न नंबर लिखने या रफ वर्क करने के लिए आपके कागज का एक पन्ना दिया जाएगा। परीक्षा पूरी होने के बाद स्थल छोड़ने से पहले आपको निर्देशित तय स्थान पर कागज का यह पन्ना, प्रवेश पत्र, ID प्रमाण की प्रति अनिवार्यतः डालनी चाहिए ।

(10) आपको अपने हस्ताक्षर और बायें हाथ के अंगूठे का निशान प्रवेश पत्र में नियत स्थान पर निरीक्षक की उपस्थिति में लगाना होगा। **उम्मीदवार को अंगूठे का निशान लगाने के लिए अपना नीला/काला स्टाम्प पैड लाना होगा ।**

(11) परीक्षा के संचालन में किसी समस्या के आने की संभावना को पूरी तरह से नकारा नहीं जा सकता है जिसकी वजह से टेस्ट डिलिवरी और/या रिजल्ट प्रभावित हो सकता है । ऐसी स्थिति मे समस्या का समाधान करने के लिए हर संभव प्रयत्न किया जाएगा, जिसमे यदि जरुरी हुआ तो फिर से परीक्षा ली जा सकती है । इस संबंध में परीक्षा संचालन संस्था का निर्णय अंतिम रहेगा । इस तरह के परिवर्तन को स्वीकारने के लिए अनिच्छुक अभ्यर्थी की उम्मीदवारी निरस्त हो जाएगी ।

(12) यदि परीक्षा एक से अधिक सत्र में आयोजित होती हैं तो सभी सत्रों में प्रयुक्त विभिन्न टेस्ट बैटरियो कि डिफिकल्टी स्तर के अंतर को एड्जस्ट करने के लिए विभिन्न सत्रों के स्कोर को इक्वेट किया जाएगा । यदि सेंटर पर किसी अभ्यर्थी के लिए नोड क्षमता कम है या कोई तकनीकी खामी होती है तो एक से अधिक सत्र की आवश्यकता हो सकती है ।

(13) परीक्षा की सामग्री या उसकी किसी अन्य जानकारी, पूर्णतया या अंशतः को प्रकट करने, प्रकाशित करने, पुनः प्रस्तुत करने, ट्रांसमिट करने, स्टोर करने या उसके ट्रांसमिशन और स्टोरेज को सुगम बनाने वाले या परीक्षा कक्ष में दिए गए कागज-पत्र को ले जाने वाले या परीक्षा सामग्री के अनधिकृत कब्जाधारी पर अभियोग चलाया जा सकता है।

(14) चयन प्रक्रिया के किसी भी चरण में, उम्मीदवार द्वारा गलत सूचना प्रदान करने और/अथवा प्रक्रिया का उल्लंघन करने के मामले में, उम्मीदवार को चयन प्रक्रिया से अयोग्य घोषित कर दिया जाएगा और भविष्य में उसे NPS Trust की किसी भी भरती प्रक्रिया में भाग लेने की अनुमति नहीं प्रदान की जाएगी । यदि ऐसे मामलें का वर्तमान चयन प्रक्रिया में पता नहीं चलता है लेकिन बाद में पता चलता है तो ऐसी अयोग्यता को पूर्वव्यापी प्रक्रिया से लागू किया जाएगा ।

सामाजिक दूरी पद्धति से परीक्षा संचालन संबंधी अनुदेश

.1 अभ्यर्थी को परीक्षा स्थल पर प्रवेश पत्र में उल्लिखित समयावधि के अनुसार ही रिपोर्ट करना है। अभ्यर्थी को प्रवेश पत्र में दिए गए रिपोर्टिंग समय से न्यूनतम मिनट पहले रिपोर्ट करना चाहिए। 15

.2 अभ्यर्थी के अनुक्रमांक व उनके बैठने की लैब संख्या परीक्षा स्थल के ब ाहर नहीं दर्शाई जाएगी, पर इसे प्रत्येक अभ्यर्थी को परीक्षा स्थल पर प्रवेश करने के समय बता दिया जाएगा।

.3 परीक्षा स्थल पर अभ्यर्थियों को अनुमत सामग्री

अभ्यर्थियों को परीक्षा स्थल पर केवल कुछ निश्चित सामान लाने की अनुमति होगी

a. मास्क **(मास्क पहनना अनिवार्य है)**

b. दस्ताने

c. पानी की अपनी पारदर्शी बोतल **(अभ्यर्थी अपनी पानी की बोतल लेकर आएँ)**

d. अपना हैंड सैनिटाइजर (50 मिली)

e. एक सामान्य पेन एवं स्याही स्टाम्प पैड

f. परीक्षा संबंधी कागजात (प्रवेश पत्र जिसके साथ ID कार्ड की फोटोप्रति संलग्न हो, सत्यापन के लिए मूल ID कार्ड)

g. प्रवेश पत्र इसके साथ ID कार्ड की फोटोप्रति संलग्न कर के लाएँ। मूल ID (फोटोप्रति वाली) भी सत्यापन हेतु साथ लेकर आएँ। ID तथा प्रवेश पत्र पर नाम बिलकुल एक जैसा होना चाहिए।

h. स्क्राइब वाले अभ्यर्थियों के मामले में विधिवत भरा व फोट-ोग्राफ लगा कर हस्ताक्षर किया हुआ स्क्राइब फार्म

परीक्षा स्थल के भीतर कोई अन्य सामग्री लाने की अनुमति नहीं है।

.4 अभ्यर्थी को अपने किसी भी निजी सामानसामग्री को किसी के साथ साझा नहीं करना चाहिए।/

.5 अभ्यर्थी को एक दूसरे से सुरक्षित सामाजिक दूरी बनाकर रखनी चाहिए।

.6 अभ्यर्थी को स्थल पर दिए गए निर्देशों के अनुसार पंक्ति में खड़े होना चाहिए।

.7 यदि अभ्यर्थी स्क्राइब की सुविधा का लाभ उठा रहा है तो स्क्राइब को भी अपने दस्ताने, N95 मास्क, सैनिटाइज़र (50 मिली) और पानी की पारदर्शी बोतल लानी चाहिए। अभ्यर्थी और स्क्राइब दोनों को N95 मास्क पहनकर रखना होगा।

.8 अभ्यर्थी द्वारा अपने मोबाइल फोन में आरोग्य सेतु एप्प जरूर इन्सटाल किया हुआ होना चाहिए। आरोग्यसेतु स्टेटस में अभ्यर्थी का जोखिम स्तर जरूर दर्शाया हुआ होना चाहिए। अभ्यर्थी को यह स्टेटस परीक्षा स्थल में प्रवेश करते समय सुरक्षा गार्ड को दिखाना होगा। यदि अभ्यर्थी के पास स्मार्ट फोन नहीं है तो उसे इस आशय की हस्ताक्षरित घोषणा (घोषणा इस प्रवेश पत्र के साथ उपलब्ध करायी गई है) लानी होगी और इसे परीक्षा स्थल में प्रवेश करते समय सुरक्षा गार्ड को दिखाना होगा। उन अभ्यर्थियों को प्रवेश की अनुमति नहीं होगी जिनका आरोग्यसेतु एप्प स्टेटस माडरेट अथवा अधिक जोखिम वाला है। यदि घोषणा में की गई किसी भी रेस्पांस से कोविड-19 संक्रमण/लक्षण के बारे में पता चलता है तो अभ्यर्थी को परीक्षा स्थल के अंदर प्रवेश करने की अनुमति नहीं दी जाएगी। (यदि अभ्यर्थी स्क्राइब की सेवाओं का लाभ उठा रहा है तो स्क्राइब को भी इन्हीं निर्देशों का पालन करना होगा)

.9 **प्रवेश द्वार पर आरोग्यसेतु स्टेटस दिखाने के बाद अभ्यर्थियों को अपने मोबाइल फोन स्विच ऑफ कर तय स्थान पर जमा करने होंगे और परीक्षा स्थल से बाहर निकलते समय वापस इन्हें लेना होगा ।**

.10प्रवेश द्वार पर सभी अभ्यर्थियों (और स्क्राइब, यदि लागू है) के तापमान की जांच थर्मामीटर गन से की जाएगी। यदि किसी व्यक्ति का तापमान सामान्य से अधिक (> 99.14° F) होता है या वायरस का कोई लक्षण दिखाई देता है तो उसे स्थल में प्रवेश की अनुमति नहीं होगी।

.11 अभ्यर्थी पंजीकरण में :

a. अभ्यर्थी का पंजीकरण फोटो लेकर तथा IRIS स्कैन द्वारा किया जाएगा। ली गई फोटो आवेदन (प्रवेश पत्र में यथा मुद्रित) में आपके द्वारा अपलोड की गई फोटो से मिलायी जाएगी। आपकी शक्ल/रूप-रंग आपके द्वारा अपलोड की गई फोटो से अलग नहीं होनी/होना चाहिए।

b. फोटोग्राफ तथा IRIS स्कैन अभ्यर्थी के खड़े होने की मुद्रा में लिया जाएगा

c. अभ्यर्थी को सीट क्रमांक दिया जाएगा

.12रफ शीट, प्रवेश पत्र और ID प्रमाण प्रबंधन

- अभ्यर्थी, प्रत्येक अभ्यर्थी डेस्क पर रखी रफ शीट का इस्तेमाल करेंगे।
- अभ्यर्थी को लैब/स्थल को छोड़ते समय उपलब्ध कराए गए बॉक्सों में या किसी तय स्थान पर ID प्रमाण प्रति सहित प्रवेश पत्र डालने के संबंध में निर्देशों का पालन अवश्य करना चाहिए। स्क्राइब की सेवाओं का लाभ उठाने वाले अभ्यर्थियों को प्रवेश पत्र और ID प्रमाण की प्रति सहित स्क्राइब फॉर्म जमा करना चाहिए।
- अभ्यर्थी को लैब/स्थल से बाहर निकलते समय, वहाँ उपलब्ध कराए गए बॉक्सों में या परीक्षा पदाधिकारियों द्वारा निर्देशित तय स्थान पर रफ शीट, प्रवेश पत्र, ID प्रमाण की प्रति अनिवार्यतः डालनी चाहिए।

.13 :परीक्षा आयोजित होने के बाद नियंत्रण

- परीक्षा पूर्ण होने पर अभ्यर्थियों को परीक्षा स्थल स्टाफ द्वारा निर्देशित किए जाने के अनुरूप भीड़ लगाए बगैर व्यवस्थित तरीके से बाहर निकलना चाहिए।

आपको शुभकामनाएं